फेयर ट्रेड यू.एस.ए. (Fair Trade USA)

वस्त्रों और घरेलू सामान के लिए फैक्टरी मानक[1]

(Factory Standard for Apparel and Home Goods)

संस्करण 1.2

www.FairTradeUSA.org

Copyright © 2014 Fair Trade USA. सर्वाधिकार सुरक्षित।

[1] जिन उत्पादों पर यह मानक लागू है, उनका दायरा बढ़ाने के लिए इस मानक को नया नाम दिया गया है। 'सी.एम.टी. फैसिलिटीज़ मानक, वस्त्र तथा लिनेन संस्करण 1.0' (the 'CMT Facilities Standard, Apparel & Linens Version 1.0'), जिसे यह मानक प्रतिस्थापित करता है, की अन्तर्वस्तु में कोई सारभूत परिवर्तन नहीं किया गया है।

विषय सूची

1.0 सशक्तीकरण (EM) 5
2.0 आर्थिक विकास (ED) 7
3.0 सामाजिक उत्तरदायित्व (SR) / SA8000 मानक 10
4.0 पर्यावरण सम्बंधी उत्तरदायित्व एवं प्रबंधन (ERM) 14
5.0 व्यापारिक अपेक्षाएं (TR) 15
परिशिष्ट 1: फेयर ट्रेड प्रीमियम 16
परिशिष्ट 2: प्रतिबंधित सामग्रियों की सूची 17

परिचय

प्रयोजन
इस दस्तावेज़ में वस्त्रों तथा घरेलू सामान के लिए फेयर ट्रेड यू.एस.ए. फैक्टरी मानक (Fair Trade USA Factory Standard for Apparel and Home Goods) की अपेक्षाओं का वर्णन किया गया है और फेयर ट्रेड प्रमाणन के लिए वस्त्र तथा घरेलू सामान की श्रेणी के विनिर्माताओं की सहभागिता के नियमों को परिभाषित किया गया है।

लक्ष्य तथा उद्देश्य
फेयर ट्रेड यू.एस.ए. फैक्टरी मानक वस्त्र तथा घरेलू सामानों का उत्पादन करने वाले कारखानों के कामगारों से सम्बंधित है। इस मानक का उद्देश्य नेतृत्व सहित सशक्तीकरण बढ़ाना, आर्थिक विकास और संगठन की दृष्टि से इन कारखानों में नियोजित कामगारों की स्थिति को सुधारना, और काम करने की उचित स्थितियाँ तथा पर्यावरण की दृष्टि से उत्तरदायी उत्पादन पद्धतियों का प्रयोग सुनिश्चित करना है। यह मानक निम्नलिखित चार सिद्धान्तों पर आधारित है:

1. **आर्थिक विकास.** श्रमिक फेयर ट्रेड प्रीमियम (Fair Trade Premium) का भुगतान प्राप्त करते हैं, जिसका भुगतान खरीदार करते हैं और प्रबंध फेयर ट्रेड कमेटी द्वारा किया जाता है। इस प्रीमियम का भुगतान नकद बोनस के रूप में किया जा सकता है या उसे श्रमिकों द्वारा चुने गए सामाजिक आवश्यकता के किसी कार्य पर खर्च किया जा सकता है।

2. **सशक्तीकरण.** श्रमिकों को अपने काम की स्थितियों में सुधार के लिए प्रबंधक वर्ग के साथ वार्ताओं में अपने वर्ग का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलता है, साथ ही वे सभी श्रमिकों के सशक्तीकरण में वृद्धि के लिए कारखाना प्रबंधन के साथ भागीदारी भी कर पाते हैं। श्रमिकों और प्रबंधन के बीच संवाद की व्यवस्था के लिए शिकायत निवारण की प्रक्रियाएं निर्धारित की जाती हैं।

3. **सामाजिक उत्तरदायित्व.** कारखाने अन्तरराष्ट्रीय मान्यताप्राप्त श्रम सम्बंधी मानकों को मानने और श्रमिकों को बेहतर लाभ उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हैं। रोजगार की स्थितियाँ उस क्षेत्रक पर लागू विनियमों, क्षेत्रीय औसत, और सरकारी न्यूनतम मानकों के अनुरूप या उनसे बेहतर होती हैं। कार्य सम्बंधित चोटों से बचाव के लिए स्वास्थ्य एवं सुरक्षा सम्बंधी उपाय किए जाते हैं। खरीदार लम्बी अवधि तक कारखानों से खरीद करने की वचनबद्धता देते हैं, जिससे व्यापारिक वातावरण में स्थिरता आती है और कारखाने कामकाज की स्थितियों को सुधारने के उपायों पर निवेश कर पाते हैं।

4. **पर्यावरण सम्बंधी उत्तरदायित्व एवं प्रबंधन.** कारखाने प्राकृतिक परिवेश का संरक्षण करने और उसे पुनः सुधारने के लिए प्रयास करते हैं और पर्ययावरण की दृष्टि से स्वच्छ उत्पादन विधियों में सुधार के लिए सतत प्रयास करते हैं ताकि अपव्यय, पानी के प्रयोग, रसायनों और ऊर्जा के प्रयोग को घटाकर औद्योगिक उत्पादन के दुष्प्रभावों को कम किया जा सके। खतरनाक रसायनों के प्रयोग की अनुमति नहीं है, और कचरे का उचित ढंग से निपटान किया जाना चाहिए।

फेयर ट्रेड सततनीय आपूर्ति श्रृंखलाओं की स्थापना की दिशा में बदलाव के लिए सहयोग करने के उद्देश्य से उपभोक्ताओं, कारखानों और ब्रांडों को एकजुट करने का काम करता है। खरीद करने की पारम्परिक विधियाँ किसी उत्पाद का उत्पादन करने वाले श्रमिकों के लिए बहुत नुकसानदेह हो सकती हैं। फेयर ट्रेड मानक स्थापित करके, कड़ी प्रमाणन व्यवस्था स्थापित करके, और अन्तिम उपभोक्ता को इस प्रक्रिया में शामिल करके खरीदारी के सम्बंधों की प्रकृति को बदलने, पूरी आपूर्ति श्रृंखला में मूल्यवर्धन करने और श्रमिकों को बेहतर लाभ प्रदान करने का विशिष्ट अवसर प्रदान करता है।

संदर्भ
वस्त्रों और घरेलू सामान के लिए फेयर ट्रेड यू.एस.ए. फैक्टरी मानक (मूलतः CMT फैसिलिटीज़ मानक) को सोशल अकाउंटेबिलिटी इन्टरनेशनल [Social Accountability International (SAI)], फेयर लेबर एसोसिएशन [Fair Labor Association (FLA)], वर्कर्स राइट्स कॉन्सॉर्टियम [Workers' Rights Consortium (WRC)], एथिकल ट्रेडिंग इनिशिएटिव [Ethical Trading Initiative (ETI)[, कॉरपोरेट अकाउंटेबिलिटी एंड वर्कर्स राइट्स (जो-इन-कोड) (Corporate Accountability and Workers' Rights) (Jo-In Code) पर संयुक्त पहल, और फेयर वेयर फाउंडेशन [Fair Wear Foundation (FWF)[जैसी बहु-साझेदारी वाली अन्तरराष्ट्रीय पहलों द्वारा

तय व्यवहार एवं श्रम सम्बंधी मानकों की उत्कृष्ट कार्य प्रणालियों या उनसे बेहतर कार्य प्रणालियों को अपनाए जाने के उद्देश्य से तैयार किया गया था।

इस मानक के सबसे प्रमुख श्रम सम्बंधी मानक, जिनका वर्णन सामाजिक उत्तरदायित्व वाले खंड में किया गया है, लगभग पूरी तरह से सोशल अकाउंटेबिलिटी इन्टरनेशनल (SAI) के SA8000 मानक के नवीनतम संस्करण, जो अभी तक 2008 का संस्करण है, से लिए गए हैं। इन मानदंडों के साथ मानक के अनुपालन के प्रमाण के रूप में फेयर ट्रेड यू.एस.ए. मान्य SA8000 प्रमाण-पत्रों को स्वीकार करेगा और जहाँ भी सम्भव हो, संयुक्त रूप से फेयर ट्रेड/SA8000 लेखा-परीक्षा की व्यवस्था करने का प्रयत्न करेगा। इसके अलावा इस मानक में अन्तरराष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) के प्रमुख समझौतों पर आधारित कार्यस्थल सम्बंधी न्यूनतम शर्तों के पालन का प्रावधान है, और राष्ट्रीय कानून और विधान को आधार मानते हुए उनके विधिक अनुपालन की अपेक्षा की गई है।

मानक की संरचना
वस्त्रों और घरेलू सामान के लिए फेयर ट्रेड यू.एस.ए. फैक्टरी मानक इस दृष्टि से विकासोन्मुखी है कि यह न्यूनतम मानदंडों और विकास सम्बंधी मानदंडों के बीच अन्तर करके देखता है। न्यूनतम मानदंडों के आधार पर मूल्यांकन पहली प्रमाणन लेखा-परीक्षा के समय किया जाता है और इनमें सामाजिक सशक्तीकरण, आर्थिक विकास, और पर्यावरण सम्बंधी उत्तरदायित्व न्यूनतम कार्य-व्यवहार शामिल होते हैं। इन मानदंडों को (जहाँ तक भी ये लागू हों) प्रारम्भिक प्रमाणन की प्रक्रिया से पहले पूरा किया जाता है। विकास सम्बंधी मानदंडों को प्रारम्भिक प्रमाणन की अवस्था के बाद पूरा किया जाता है, और इनमें सामाजिक सशक्तीकरण और आर्थिक विकास की वृद्धि करने के साथ-साथ पर्यावरण सम्बंधी उत्तरदायित्व के उत्कृष्ट कार्य-व्यवहारों को शामिल किया जाता है। इन अपेक्षाओं को किस वर्ष में पूरा किया जाना है, इससे सम्बंधित विवरण अलग से उपलब्ध अनुपालन सम्बंधी मानदंडों में दिया गया है।

क्रियान्वयन
इस मानक दस्तावेज़ के अलावा फेयर ट्रेड यू.एस.ए. कुछ अन्य क्रियान्वयन सम्बंधी मानदंडों को लागू करता है जिनकी समीक्षा फेयर ट्रेड यू.एस.ए. द्वारा स्वीकृत संगठनों द्वारा मौके पर की गई जाँच के आधार पर की जाती है। प्रमाणन के सम्बंध में निर्णय इन मानदंडों के क्रियान्वयन के आधार पर किया जाता है।

कुछ मानदंडों को “प्रमुख” अपेक्षाओं के रूप में चिह्नित किया गया है। किसी प्रमुख अपेक्षा का अनुपालन न किए जाने की स्थिति में प्रमाणन को उस समय तक निलम्बित किए जाने का निर्णय लिया जा सकता है जब तक उस अपेक्षा का अनुपालन न किया जाए, या गैर-अनुपालन की गम्भीरता और सीमा को देखते हुए प्रोग्राम में प्रमाणन से वंचित किया जा सकता है। इसके अलावा, अनुपालन मानदंड “वर्ष 0” के लिए न्यूनतम मानदंड और “वर्ष 1/ वर्ष 3” / “वर्ष 6” के लिए विकास मानदंडों के अन्तर को दर्शाता है।
क्रियान्वयन के सम्बंध में और अधिक जानकारी, जैसे प्रोग्राम पूर्वापेक्षाओं, प्रमाणन प्रक्रिया के क्रमवार विवरण, और प्रमाणन शुल्क के बारे में विवरण फेयर ट्रेड यू.एस.ए. की वैबसाइट: http://www.fairtradeusa.org/certification/producers/apparel-linens पर देखा जा सकता है।

फेयर ट्रेड यू.एस.ए. के मानकों को दस्तकारों की कार्यशालाओं सहित विभिन्न प्रकार की उत्पादन रीतियों को शामिल करने के लिए यथासम्भव समावेशी बनाने का प्रयास किया गया है। हमारे प्रमाणन पार्टनर कड़ी प्रमाणन अपेक्षाओं का पालन करते हुए जाँच पूरी करेंगे और साथ ही जहाँ आवश्यक समझा जाए, व्यापार के आकार और संरचना को देखते हुए कुछ शिथिलता भी बरतेंगे।

कार्यक्षेत्र

इस मानक में ऐसे कारखानों के लिए अपेक्षाएं निर्धारित की गई हैं जो Fair Trade Certified™ प्रमाणन वाले वस्त्रों और घरेलू सामान उत्पादों का उत्पादन करने के इच्छुक हैं। वस्त्र निर्माता फैक्टरियों की श्रेणी में केवल आपूर्ति श्रृंखला के कट-मेक-ट्रिम [cut-make-trim (CMT)] भाग में आने वाली फैक्टरियों को ही प्रमाणित किया जा सकता है।

"वस्त्र तथा घरेलू सामानों के लिए व्यापार मानक" के नाम से एक समानान्तर मानक में फेयर ट्रेड प्रमाणित वस्त्र तथा घरेलू सामान खरीदने व बेचने के इच्छुक आयातकों, ब्रांडों और खुदरा व्यापारियों से अपेक्षाओं का विवरण दिया गया है खरीदार ऐसी खरीद सम्बंधी प्रक्रियाएं अपनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हैं जिनकी सहायता से विनिर्माता उच्चतम स्तर के श्रम सम्बंधी मानकों का पालन कर सकें और श्रमिकों को स्थायी लाभ प्रदान कर सकें।

मानक विकास तथा प्रायोगिक परियोजना

फेयर ट्रेड यू.एस.ए. ने वर्ष 2006 में वस्त्रों के प्रमाणन की व्यवहार्यता का पता लगाने के लिए शोध कार्य शुरू किया और एक व्यवहार्यता अध्ययन रिपोर्ट तैयार की जिसमें वैश्विक स्तर पर 60 से अधिक संगठनों से चर्चा की गई और इस श्रेणी में फेयर ट्रेड प्रमाणन से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर प्रकाश डाला गया। 2007 से 2009 तक फेयर ट्रेड यू.एस.ए. ने मौजूदा मानकों की समीक्षा की और पहले वस्त्र विनिर्माण मानक का प्रारूप तैयार करने के लिए विभिन्न गैर सरकारी संगठनों, श्रमिक संघों, ब्रांडों, खुदरा व्यापारियों, आपूर्तिकर्ताओं, और दस्तकारों की कार्यशालाओं के साथ परामर्श किया।

नवम्बर 2009 में, 45 दिनों तक मसौदा मानकों पर सार्वजनिक टिप्पणियाँ आमंत्रित की गईं, और 15 देशों के 55 संगठनों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर मानकों को संशोधित किया गया। मार्च 2010 में प्रायोगिक CMT फैसिलिटीज़ मानक का पहला सार्वजनिक संस्करण प्रकाशित किया गया, और प्रायोगिक परियोजनाएं शुरू की गईं। श्रमिकों पर पड़े प्रभाव और प्रयोग से सीखे गए सबकों सहित वस्त्रों से सम्बंधित प्रायोगिक परियोजना के मूल्यांकन के उद्देश्य से वस्त्रों के लिए एक बहु-साझेदारी वाले समूह (Multi-Stakeholder Group for Apparel) की स्थापना की गई, जिसने अपनी लिखित सिफारिशें फेयर ट्रेड यू.एस.ए. को भेजीं; समूह की पूरी रिपोर्ट फेयर ट्रेड यू.एस.ए. की वैबसाइट: http://www.fairtradeusa.org/sites/default/files/Apparel%20Pilot%20Report.pdf पर उपलब्ध है। फेयर ट्रेड यू.एस.ए. ने इन सिफारिशों को वस्त्रों और घरेलू सामान के लिए फैक्टरी मानक में शामिल किया है।

प्रमाणन

जारी किए जाने वाले प्रमाण पत्र 18 माह की अवधि के लिए वैध होते हैं, और प्रमाणपत्र का नवीकरण लेखा-परीक्षा चक्र के दूसरे वर्ष में किया जाता है। प्रमाणपत्र प्रमाणन का निर्णय लिए जाने की तारीख से प्रभावी होते हैं।

बदलावों की मॉनीटरिंग

फेयर ट्रेड यू.एस.ए. मानक के सम्बंध में टिप्पणियों और सुझावों का हर समय स्वागत करता है (standards@fairtradeusa.org) । आई.एस.ई.ए.एल. (ISEAL) द्वारा की गई सिफारिश के अनुसार फेयर ट्रेड यू.एस.ए. नियमित रूप से वस्त्रों तथा घरेलू सामान के लिए फैक्टरी मानक की समीक्षा करता रहेगा।

अनुवाद

इस मानक के अनुवाद फेयर ट्रेड यू.एस.ए. की वैबसाइट http://fairtradeusa.org/certification/standards पर उपलब्ध रहेंगे। अंग्रेज़ी पाठ तथा अनूदित संस्करणों के बीच किसी प्रकार की भिन्नता या असहमति की स्थिति होने पर अंग्रेज़ी प्रारूप मान्य होगा।

1.0 सशक्तीकरण (EM)

1.1 उचित व्यापार प्रबंधन प्रणालियाँ (Fair Trade Management Systems) (MS)

EM-MS 1
कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व कम्पनी के लिखित मिशन या नीति दस्तावेज़(ज़ों) का अभिन्न अंग है। कम्पनी इसके कार्यान्वयन को ठोस साक्ष्य प्रस्तुत करके प्रमाणित कर सकती है।

EM-MS 2
कारखाना प्रबंधन को उचित व्यापार सम्बंधी मामलों को देखने के लिए एक उचित व्यापार अधिकारी की नियुक्ति अवश्य करनी चाहिए। उचित व्यापार अधिकारी कार्यकारी प्रबंधक के अधीन कार्य करेगा और उसे कम्पनी का इतना वरिष्ठ अधिकारी होना चाहिए कि वह उचित व्यापार के विषय के ऊँचे दर्जे को सुनिश्चित कर सके। उस पर कम्पनी के उचित व्यापार कार्यक्रम, शिकायत निवारण प्रक्रियाओं, और सभी आवश्यक पत्र व्यवहार के समन्वय का पूरा जिम्मा होगा। उचित व्यापार अधिकारी उचित व्यापार समिति की बैठकों में कारखाना प्रबंधन के प्रतिनिधि के रूप में शामिल होता है।

EM-MS 3
कारखानों और सहकारी संस्थाओं को उचित व्यापार मानकों का पालन करने के अलावा इन मानकों के अनुपालन में सतत वृद्धि को बढ़ावा देने वाली प्रबंधन व्यवस्थाओं की स्थापना में अवश्य प्रगति दिखानी होगी।

EM-MS 4
इन प्रबंधन व्यवस्थाओं में श्रमिकों के साथ संवाद और उनके प्रति जवाबदेही से सम्बंधित नीतियाँ और प्रक्रियाएं शामिल होनी चाहिए।

EM-MS 5
प्रमाणन के एक वर्ष की अवधि के भीतर प्रबंधन सभी श्रमिकों के बच्चों के लिए प्राथमिक शिक्षा की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा। प्रबंधन को श्रमिकों के बच्चों की सामान्य शिक्षा व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए।

1.2 श्रमिकों की सहभागिता, पारदर्शिता और वित्तीय जवाबदेही (PTA)

EM-PTA 1
सभी कारखानों मे उचित व्यापार मानक के क्रियान्वयन से जुड़े सभी कार्यकलापों में श्रमिकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी की व्यवस्थाएं होनी चाहिए। विशेष तौर पर श्रमिकों को अन्य-पक्ष द्वारा किए गए मूल्यांकनों के निष्कर्षों की समीक्षा करने और उन पर टिप्पणी करने की प्रक्रिया में भागीदारी करनी चाहिए।[2]

EM-PTA 2
उचित व्यापार प्रीमियम निधियों का आबंटन किस प्रकार किया जाए, यह तय करने के लिए श्रमिक, श्रमिक संघ (जहाँ लागू हो), और प्रबंधन मिलकर उचित व्यापार समिति का गठन करेंगे। श्रमिक लोकतांत्रिक ढंग से यह तय करेंगे कि प्रीमियम को नकद बोनस के रूप में वितरित किया जाए, सामाजिक निवेश के लिए श्रमिकों के किसी सामूहिक खाते में जमा किया जाए, या फिर दोनों प्रकार के किसी मिले-जुले रूप में खर्च किया जाए।

---

[2] श्रमिकों को दिखाई जाने वाली लेखापरीक्षा रिपोर्ट में किसी यौन उत्पीड़न के मामले में किन्हीं व्यक्तियों की संलिप्तता जैसी संवेदनशील जानकारी, जो श्रमिकों की निजता का अतिक्रमण करती हो, को प्रकट किया जाना आवश्यक नहीं है। लेकिन संवेदनशील जानकारी को गुप्त रखे जाने की आवश्यकता को श्रमिकों से गैर-संवेदनशील सूचना को छिपाने के बहाने के रूप में प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए।

EM-PTA 3
एक अलग से उचित व्यापार प्रीमियम बैंक खाता खोला जाता है और उचित व्यापार समिति में श्रमिकों के प्रतिनिधि प्रबंधकों के साथ इस खाते के संयुक्त हस्ताक्षरकर्ता बनते हैं।

EM-PTA 4
उचित व्यापार प्रीमियम से किसी भी प्रकार की परिसम्पत्तियाँ अर्जित करने से पहले एक विधिक निकाय की स्थापना की जाती है। यह निकाय उचित व्यापार प्रीमियम की सहायता से अर्जित किसी भी सम्पत्ति के स्वामी के रूप में कम्पनी के सभी कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करता है।

EM-PTA 5
उचित व्यापार समिति के अधिकांश सदस्य श्रमिक होंगे और उनका निर्वाचन प्रबंधन के प्रभाव के बिना लोकतांत्रिक ढंग से किया जाएगा।

EM-PTA 6
प्रबंधन अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से सक्रिय और ज़िम्मेदार ढंग से उचित व्यापार समिति के कार्यकलापों में भाग लेता है और प्रीमियम के व्यवस्थापन में श्रमिकों की सहायता और समर्थन करता है। प्रबंधन के प्रतिनिधियों को मताधिकार प्राप्त नहीं होता है, लेकिन उन्हें उचित व्यापार समिति के ऐसे निर्णयों को प्रतिबंधित करने का अधिकार है जो स्पष्टतया विधि-विरुद्ध हों या उचित व्यापार मानकों के प्रतिकूल हों।

EM-PTA 7
उचित व्यापार समिति उचित व्यापार ऑर्डर्स से समिति को प्राप्त होने वाली उचित व्यापार प्रीमियम निधियों के आबंटन के लिए सभी कर्मचारियों के साथ सम्पर्क स्थापित करेगी।

EM-PTA 8
उचित व्यापार समिति उचित व्यापार प्रीमियम के व्यवस्थापन और प्रयोग के लिए श्रमिकों तथा प्रमाणन निकाय के प्रति जवाबदेह है। प्रीमियम का भुगतान और वितरण पारदर्शी और सत्यापन-योग्य होना चाहिए।[3]

EM-PTA 9
प्रमाणन के बाद एक वर्ष की अवधि के भीतर EM-PTA 2 में की गई अपेक्षा के भाग के अनुसार गठित उचित व्यापार समिति के नियम, विनियम और प्रक्रियाएं तैयार कर लिए जाते हैं और श्रमिकों को उपलब्ध करा दिए जाते हैं।

EM-PTA 10
प्रमाणन के दो वर्ष की अवधि के भीतर उचित व्यापार समिति उचित व्यापार के प्रशिक्षण साधनों का प्रयोग करते हुए उचित व्यापार समिति की *लिखित* प्रीमियम कार्य-योजना तैयार करती है।

EM-PTA 11
उचित व्यापार समिति को टेलीफोन, ई-मेल और/या फैक्स जैसे प्रशासनिक और संचार साधन प्रयोग के लिए उपलब्ध होते हैं - और जहाँ आधारभूत ढांचे में इसकी व्यवस्था हो, उसका अपना स्वतंत्र ई-मेल अकाउंट होता है।

1.3 शिकायत निवारण सम्बंधी (GP)

EM-GP 1
प्रबंधन श्रमिकों का यह अधिकार सुनिश्चित करता है कि वे बदले की कार्रवाई या किसी अन्य नकारात्मक परिणाम के भय के बिना कार्यस्थल सम्बंधी शिकायतों पर चर्चा करने के लिए एकत्र हो सकें। अनुरोध किए जाने पर ऐसी बैठकों के लिए स्थान उपलब्ध कराया जाता है ताकि श्रमिकों के प्रतिनिधि अपने दायित्वों का निर्वाह कर सकें। प्रबंधन को सभी शिकायतों को अभिलेखबद्ध करना चाहिए

[3] कारखानों में खरीदारों द्वारा भुगतान की गई उचित व्यापार प्रीमियम की राशियों, तथा कितनी बार भुगतान किया गया, यह दर्शाते हुए सूचनाएं प्रदर्शित की जानी चाहिए।

और स्पष्ट तौर पर उस व्यक्ति को सम्बोधित किया जाना चाहिए जिसने शिकायत की हो, तथा यदि ऐसा किया जाना संगत हो तो अन्य श्रमिकों को भी सम्बोधित किया जाना चाहिए।

EM-GP 2
एक लिखित शिकायत की प्रक्रिया स्थापित की गई है जो यह सुनिश्चित करती है कि श्रमिकों को अपनी बात सुने जाने का और अपील करने का अधिकार मिले। श्रमिकों द्वारा किसी भी शिकायत निवारण प्रक्रिया का प्रयोग किए जाने पर प्रबंधन उनके खिलाफ अनुशासन उल्लंघन, बरखास्तगी या भेदभाव की कार्रवाई नहीं करता है।

2.0 आर्थिक विकास (ED)

2.1 उचित व्यापार प्रीमियम (FTP)

ED-FTP 1
खरीदार सभी उत्पादक श्रमिकों के लाभ के लिए उचित व्यापार प्रीमियम का भुगतान करते हैं।[4] परिशिष्ट में दी गई उचित व्यापार प्रीमियम अपेक्षाओं की सूची में निर्दिष्ट किए गए अनुसार प्रचलित प्रीमियम का भुगतान करने की ज़िम्मेदारी खरीदारों पर होती है।

2.2 नियोजन की शर्तें (CE); SA 8000: कार्य के घंटे और पारिश्रमिक

यह खंड पूर्णतः सोशल अकाउंटेबिलिटी इन्टरनेशनल (SAI) SA8000 मानक (2008 संस्करण) की सामाजिक उत्तरदायित्व अपेक्षाओं से लिया गया है। फेयर ट्रेड यू.एस.ए. की मानक व्यवस्था के अनुकूल बनाने के लिए इसे पुनः संख्यांकित किया गया है। जहाँ फेयर ट्रेड यू.एस.ए. के मानक में SA8000 से इतर योग्यताओं की अपेक्षा की गई है, उन्हें “अतिरिक्त फेयर ट्रेड अपेक्षाओं” के रूप में चिह्नित किया गया है। SA8000 की विशिष्ट अभिव्यक्तियों की परिभाषाएं फेयर ट्रेड यू.एस.ए. की वैबसाइट पर उपलब्ध फेयर ट्रेड शब्दावली में देखी जा सकती हैं।

ED-CE 1
कम्पनी सभी कार्मिकों के साथ गरिमापूर्ण और सम्मान का व्यवहार करेगी। कम्पनी कार्मिकों को शारीरिक दंड देने, मानसिक या शारीरिक बल प्रयोग, या अपशब्दों के प्रयोग का व्यवहार न तो स्वयं करेगी और न कार्मिकों के प्रति ऐसे व्यवहार को बरदाश्त करेगी। किसी भी प्रकार के कठोर या अमानवीय व्यवहार की अनुमति नहीं है।

ED-CE 2
कार्य समय और सार्वजनिक अवकाशों के सम्बंध में कम्पनी लागू होने वाले कानूनों और उद्योग से सम्बंधित मानकों का पालन करेगी। सामान्य साप्ताहिक कार्य समय, जिसमें समयोपरि कार्य का समय शामिल नहीं है, विधि द्वारा परिभाषित किया जाएगा किन्तु यह समय 48 घंटे से अधिक नहीं होगा।

ED-CE 3
कार्मिकों को लगातार छह कार्य दिवसों के बाद कम से कम एक दिन का अवकाश दिया जाएगा। इस नियम के अपवाद केवल तभी लागू होते हैं जब निम्नलिखित में से दोनों स्थितियाँ विद्यमान हों:

क) राष्ट्रीय कानून इस सीमा से अधिक अवधि के कार्य समय की अनुमति देता हो; और

---

[4] इस बात पर ध्यान न देते हुए कि उन्होंने वास्तविक उत्पाद पर काम किया है या नहीं, कारखाने में उस समय नियोजित सभी श्रमिक उचित व्यापार प्रीमियम का लाभ प्राप्त करेंगे। “उत्पादक श्रमिकों” में प्रति घंटा मजदूरी के आधार पर उत्पादों पर कार्य करने वाले सभी लाइन स्टाफ/ ऑपरेटर शामिल हैं।

ख) कोई ऐसा वार्तातय सामूहिक सौदाकारी समझौता लागू हो जिसमें पर्याप्त विश्राम अवधियों को शामिल करते हुए कार्य समय के औसत की गणना करने की अनुमति हो।

ED-CE 4
नीचे ED-CE 5 में वर्णित समयोपरि कार्य को छोड़ कर समस्त समयोपरि कार्य स्वैच्छिक होगा, उसकी अवधि एक सप्ताह में 12 घंटे से अधिक नहीं होगी, न ही नियमित रूप से समयोपरि कार्य करने के लिए कहा जाएगा।

ED-CE 5
ऐसे मामलों में जहाँ अल्प-अवधि की व्यावसायिक मांग को पूरा करने के लिए समयोपरि कार्य करने की आवश्यकता पड़ती है और सम्बंधित कम्पनी अपने कार्यबल के एक बड़े हिस्से का प्रतिनिधित्व करने वाले श्रमिक संगठन (जैसा कि ऊपर परिभाषित किया गया है) के साथ कोई सामूहिक सौदाकारी समझौता कर चुकी हो, तो कम्पनी ऐसे समझौते की शर्तों के अनुसार समयोपरि कार्य की मांग कर सकती है। ऐसे किसी भी समझौते में ऊपर उल्लिखित अपेक्षाओं का पालन किया जाना चाहिए।

ED-CE 6
कम्पनी कार्मिकों के निर्वाह मज़दूरी प्राप्त करने के अधिकार का सम्मान करेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि एक सामान्य कार्य सप्ताह के लिए भुगतान की जाने वाली मजदूरी हमेशा कानूनी या उद्योग के न्यूनतम मानकों के बराबर होगी और कार्मिकों की बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त होगी और उन्हें कुछ स्वनिर्णयगत आय भी उपलब्ध कराएगी।

ED-CE 7
कम्पनी यह सुनिश्चित करेगी कि अनुशासनात्मक प्रयोजनों के लिए मजदूरी से कटौतियाँ न की जाएं। इस नियम के अपवाद केवल तभी लागू होते हैं जब निम्नलिखित में से दोनों स्थितियाँ विद्यमान हों:

क) अनुशासनात्मक प्रयोजनों के लिए मजदूरी में से कटौतियाँ राष्ट्रीय कानून के अनुसार अनुमेय हों; और

ख) कोई स्वतंत्र रूप से वार्तातय सामूहिक सौदाकारी समझौता लागू हो।

ED-CE 8
कम्पनी यह सुनिश्चित करेगी कि कार्मिकों की मजदूरी और देय लाभों का विवरण प्रत्येक भुगतान अवधि के लिए नियमित रूप से स्पष्ट और लिखित रूप में दिया जाए। कम्पनी यह भी सुनिश्चित करेगी कि मजदूरी और लाभों के भुगतान में सभी लागू कानूनों का पूर्ण अनुपालन किया जाएगा और मजदूरी का भुगतान श्रमिकों के लिए सुविधाजनक रीति से नकद या चैक के रूप में किया जाएगा।

ED-CE 9
समयोपरि कार्य की सभी अवधियों का भुगतान राष्ट्रीय कानून द्वारा यथापरिभाषित अधिमूल्य दर पर किया जाएगा। जिन देशों में समयोपरि कार्य के लिए अधिमूल्य दर कानून द्वारा या किसी सामूहिक सौदाकारी समझौते के अनुसार विनियमित नहीं होती है, कार्मिकों को समयोपरि कार्य का भुगतान अधिमूल्य दर पर या प्रवृत्त उद्योग मानकों के बराबर, जो भी श्रमिकों के हितों के अधिक अनुकूल हो, किया जाएगा।

ED-CE 10
कम्पनी लागू श्रम कानूनों और सामाजिक सुरक्षा कानूनों और विनियमों के तहत श्रमिकों के प्रति अपने दायित्वों को पूरा करने से बचने के लिए केवल-श्रमिक संविदा व्यवस्था (labor-only contracting), लगातार अल्प-अवधि संविदाओं और/ या झूठी प्रशिक्षुता योजनाओं का प्रयोग नहीं करेगी।

अतिरिक्त फेयर ट्रेड अपेक्षाएं :

ED-CE 11
सभी कार्मिकों को अपने अधिकारों और कर्तव्यों, उत्तरदायित्वों, वेतन और कार्य समय-सारणी की जानकारी होनी चाहिए।

ED-CE 12
सभी स्थायी श्रमिकों को एक कानूनी तौर पर बाध्यकारी लिखित नियोजन अनुबंध पत्र दिया जाना चाहिए जिसमें किए जाने वाले कार्य का विवरण दिया गया हो, और जिस पर श्रमिक तथा नियोक्ता के हस्ताक्षर हों।

ED-CE 13
समयोपरि कार्य की अधिमूल्य दर पर लिखित और अग्रिम सहमति होनी चाहिए।

ED-CE 14
वार्षिक अवकाश, जिसमें रोग अवकाश और आकस्मिक अवकाश शामिल नहीं हैं, में प्रतिवर्ष दो सप्ताह का सवेतन अवकाश शामिल होगा।

ED-CE 15
स्थानीय और प्रवासी, मौसमी और स्थायी श्रमिकों को किए गए समान कार्य के लिए एक-बराबर मज़दूरी और समयोपरि भुगतान का प्रावधान हो।

3.0 सामाजिक उत्तरदायित्व (SR) / SA8000 मानक

यह खंड पूर्णतः सोशल अकाउंटेबिलिटी इन्टरनेशनल (SAI) SA8000 मानक (2008 संस्करण) की सामाजिक उत्तरदायित्व अपेक्षाओं से लिया गया है। फेयर ट्रेड यू.एस.ए. की मानक व्यवस्था के अनुकूल बनाने के लिए इसे पुनः संख्यांकित किया गया है। जहाँ फेयर ट्रेड यू.एस.ए. के मानक में SA8000 से इतर योग्यताओं की अपेक्षा की गई है, उन्हें "अतिरिक्त फेयर ट्रेड अपेक्षाओं" के रूप में चिह्नित किया गया है। SA8000 की विशिष्ट अभिव्यक्तियों की परिभाषाएं फेयर ट्रेड यू.एस.ए. की वैबसाइट पर उपलब्ध फेयर ट्रेड शब्दावली में देखी जा सकती हैं।

3.1 बालकों और युवा जन की सुरक्षा (PC); SA8000: बाल श्रम

SR-PC 1
कम्पनी बाल श्रम करवाने या बाल श्रम को बढ़ावा देने का कार्य नहीं करेगी।

SR-PC 2
कम्पनी ऊपर उल्लिखित बाल श्रम की परिभाषा में आने वाली स्थितियों में कार्य करते हुए पाए जाने वाले बालकों की दशा सुधारने के लिए नीतियों और लिखित प्रक्रियाओं को स्थापित, अभिलेखबद्ध और लागू करेगी तथा कार्मिकों और अन्य हितबद्ध पक्षकारों को प्रभावी ढंग से इनकी जानकारी देगी, और पर्याप्त वित्तीय तथा अन्य प्रकार की सहायता उपलब्ध कराएगी ताकि वे बालक ऊपर किए गए उल्लेख के अनुसार बाल्यावस्था समाप्त होने तक स्कूल जा सकें और अपनी शिक्षा जारी रख सकें।

SR-PC 3
कम्पनी युवा श्रमिकों को नियोजित कर सकती है, लेकिन जहाँ इन युवा श्रमिकों पर अनिवार्य शिक्षा कानून लागू होते हों, ऐसे युवा श्रमिक केवल स्कूल के अध्ययन समय के बाहर के समय में ही कार्य कर सकते हैं। किसी भी स्थिति में किसी युवा श्रमिक के स्कूल, कार्य और परिवहन में लगने वाले समय का मिला-जुला योग 10 घंटे प्रतिदिन से अधिक नहीं होगा, और किसी भी स्थिति में युवा श्रमिक एक दिन में 8 घंटे से अधिक कार्य नहीं करेंगे। युवा श्रमिक रात्रि के समय कार्य नहीं करेंगे।

SR-PC 4
कम्पनी बालकों या युवा श्रमिकों को कार्य-स्थल पर या उसके बाहर किसी भी प्रकार की ऐसी स्थितियों में कार्य करने के लिए नहीं कहेगी जो उनके शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य तथा विकास के लिए खतरनाक या असुरक्षित हों।

3.2 बेगार तथा मानव तस्करी से मुक्ति (FL); SA8000: बेगार तथा अनिवार्य मज़दूरी

SR-FL 1
कम्पनी ILO के अभिसमय 29 में यथापरिभाषित बेगार या अनिवार्य मज़दूरी न तो करवाएगी और न ही उसके प्रयोग को बढ़ावा देगी, और न ही कार्मिकों को रोज़गार शुरू करते समय 'जमानत राशि' का भुगतान करना होगा या पहचान सम्बंधी दस्तावेज़ों को कम्पनी के पास जमा कराना होगा।

SR-FL 2
कम्पनी या कम्पनी को श्रमिकों की आपूर्ति करने वाला कोई व्यक्ति या संगठन ऐसे कार्मिकों को कम्पनी के लिए कार्य करते रहने के लिए बाध्य करने के लिए ऐसे किसी कार्मिक के वेतन, लाभ, सम्पत्ति, के किसी भाग या दस्तावेज़ों को रोक कर नहीं रखेगा।

SR-FL 3
कार्मिकों को सामान्य कार्य दिवस का कार्य पूरा करने के बाद कार्य स्थल के परिसर से चले जाने का अधिकार होगा, और वे अपने नियोक्ता को उचित नोटिस देने की शर्त पर नौकरी को समाप्त करने के लिए स्वतंत्र होंगे।

SR-FL 4
न तो कम्पनी और न ही कम्पनी को श्रमिकों की आपूर्ति करने वाला कोई व्यक्ति या संस्था मानव तस्करी करेगी और न ही उसका समर्थन करेगी।

3.3 व्यावसायिक स्वास्थ्य तथा सुरक्षा (OH); SA8000: स्वास्थ्य एवं सुरक्षा

SR-OH 1
कम्पनी कार्यस्थल में एक सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराएगी और, जहाँ तक उचित और व्यावहारिक हो, कार्यस्थल के वातावरण में अन्तर्निहित जोखिमों को कम करके, और उद्योग सम्बंधी प्रचलित जानकारी को और किसी भी प्रकार के विशिष्ट जोखिमों को ध्यान में रखते हुए कार्य के कारण, या उससे सम्बंधित, या कार्य के दौरान सम्भावित दुर्घटनाओं को रोकने और श्रमिकों के स्वास्थ्य की क्षति से बचाव के लिए प्रभावी कदम उठाएगी।

SR-OH 2
सभी कार्मिकों के लिए सुरक्षित तथा स्वस्थ कार्यस्थल वातावरण सुनिश्चित करने और इस मानक के स्वास्थ्य तथा सुरक्षा सम्बंधी तत्वों को लागू करने के लिए कम्पनी प्रबंधन के किसी वरिष्ठ प्रतिनिधि को नियुक्त करेगी।

SR-OH 3
कम्पनी कार्मिकों को नियमित आधार पर कार्यस्थल पर दिए जाने वाले निर्देश, और जहाँ आवश्यक हो, कार्य-विशेष से सम्बंधित निर्देशों सहित प्रभावी स्वास्थ्य तथा सुरक्षा सम्बंधी निर्देश उपलब्ध कराएगी। ये निर्देश नए तथा पुनः कार्य दिए जाने वाले कार्मिकों को तथा उन मामलों में जहाँ दुर्घटनाएं घटित हुई हों, पुनः दोहराए जाएंगे।

SR-OH 4
कम्पनी कार्मिकों के स्वास्थ्य तथा सुरक्षा के लिए सम्भावित खतरों का पता लगाने, उनसे बचाव करने और उन पर प्रतिक्रिया करने के लिए प्रणालियाँ स्थापित करेगी। कम्पनी कार्यस्थल और कम्पनी द्वारा नियंत्रित आवासों और सम्पत्तियों में होने वाली सभी दुर्घटनाओं का लिखित रिकॉर्ड रखेगी।

SR-OH 5
कम्पनी अपने खर्च पर कार्मिकों को निजी सुरक्षा के उपयुक्त उपकरण उपलब्ध कराएगी। कार्य करते समय चोट लगने की स्थिति में कम्पनी प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराएगी और उसके आगे का चिकित्सा उपचार कराने में श्रमिक की सहायता करेगी।

SR-OH 6
कम्पनी नई तथा गर्भवती माताओं को उनके कार्य से सम्बंधित सभी जोखिमों का मूल्यांकन करेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि उनके स्वास्थ्य तथा सुरक्षा के लिए किसी भी प्रकार के जोखिमों को दूर करने या कम करने के लिए सभी मुनासिब कदम उठाए जाएं।

SR-OH 7
कम्पनी सभी कार्मिकों के प्रयोग के लिए स्वच्छ शौचालय सुविधाएं, पेय जल, और जहाँ लागू हो, भोजन के भंडारण की स्वच्छ सुविधाएं उपलब्ध कराएगी।

SR-OH 8
कम्पनी यह सुनिश्चित करेगी कि कार्मिकों को उपलब्ध कराई जाने वाली शयनशाला की सुविधा स्वच्छ, सुरक्षित हो और कार्मिकों की बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति करने वाली हो।

SR-OH 9
सभी कार्मिकों को कम्पनी से अनुमति प्राप्त किए बिना ही सन्निकट गम्भीर खतरे से दूर हट जाने का अधिकार होगा।

अतिरिक्त फेयर ट्रेड अपेक्षाएं:

SR-OH 10

श्रमिकों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं से आगे की समुचित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होनी चाहिए।

SR-OH 11

आवश्यक और उपयुक्त वस्त्र निःशुल्क उपलब्ध कराए जाने चाहिए।

3.4 संघ बनाने की स्वतंत्रता (FA); SA8000: संघ बनाने की स्वतंत्रता और सामूहिक सौदाकारी का अधिकार

SR-FA 1

सभी कार्मिकों को अपनी पसंद के श्रमिक संघ गठित करने, उनकी सदस्यता ग्रहण करने और उनकी व्यवस्था चलाने का तथा सामूहिक रूप से उनकी ओर से कम्पनी से सौदाकारी का अधिकार होगा। कम्पनी इस अधिकार का सम्मान करेगी और श्रमिको को प्रभावी ढंग से इस बात की जानकारी देगी कि वे अपनी पसंद के संगठन की सदस्यता ग्रहण करने के लिए स्वतंत्र हैं और उनके ऐसा करने के परिणामस्वरूप कम्पनी की ओर से उन पर किसी नकारात्मक परिणाम या बदले की कार्रवाई नहीं की जाएगी। कम्पनी ऐसे श्रमिक संघों की स्थापना, कामकाज या संचालन में या सामूहिक सौदाकारी में किसी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं करेगी।

SR-FA 2

ऐसी स्थितियों में, जहाँ कानून के तहत संघ की स्थापना करने या सामूहिक सौदाकारी पर प्रतिबंध हो, कम्पनी श्रमिकों को स्वतंत्र रूप से अपने प्रतिनिधियों का चुनाव करने देगी।

SR-FA 3

कम्पनी यह सुनिश्चित करेगी कि श्रमिकों के प्रतिनिधियों या श्रमिकों को संगठित करने वाले किन्हीं भी कार्मिकों के साथ भेदभाव, उत्पीड़न, धमकी देने, या बदले की कार्रवाई का व्यवहार इस कारण से न किया जाए कि वे किसी श्रमिक संघ के सदस्य हैं या श्रमिक संघ के कार्य कलाप में हिस्सा लेते हैं, और यह सुनिश्चि करेगी कि ऐसे प्रतिनिधियों को कार्यस्थल में अपने सदस्य श्रमिकों से मिलने का अवसर हो।

अतिरिक्त फेयर ट्रेड अपेक्षा:

SR-FA 4

प्रमाणन के एक वर्ष की अवधि के भीतर श्रमिकों को किसी स्वतंत्र स्रोत से उनके अधिकारों और श्रमिक संघों के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई जानी चाहिए। कारखाने को श्रमिकों के अधिकारों के जानकारों और गैर-सरकारी संगठनों तथा श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों को अवश्य अनुमति देनी चाहिए कि वे श्रमिकों के प्रशिक्षण के लिए कार्यक्रम आयोजित कर सकें। प्रशिक्षण पर होने वाला खर्च प्रबंधन द्वारा वहन किया जाना चाहिए।

3.5 गैर-भेदभाव (ND); SA8000: भेदभाव

SR-ND 1
कम्पनी वंश, राष्ट्रीय या सामाजिक मूल, जाति, जन्म, धर्म, अक्षमता, लिंग, यौन झुकाव, पारिवारिक उत्तरदायित्वों, वैवाहिक स्थिति, किसी संघ की सदस्यता, राजनैतिक विचारों, आयु या भेदभाव उत्पन्न करने वाले किसी अन्य कारण के आधार पर नियुक्ति, पारिश्रमिक, प्रशिक्षण, पदोन्नति, निष्कासन या सेवानिवृत्ति के मामलों में न तो भेदभाव करेगी और न ही भेदभाव का समर्थन करेगी।

SR-ND 2
कम्पनी कार्मिकों के मतों या परम्पराओं का पालन करने, या वंश, राष्ट्रीय या सामाजिक मूल, धर्म, अक्षमता, लिंग, यौन झुकाव, पारिवारिक उत्तरदायित्वों, किसी संघ की सदस्यता, राजनैतिक विचारों या भेदभाव उत्पन्न करने वाले किसी अन्य कारण से सम्बंधित आवश्यकताओं को पूरा करने के कार्मिकों के अधिकारों में हस्तक्षेप नहीं करेगी।

SR-ND 3
कम्पनी कार्यस्थल पर और, जहाँ लागू हो, कम्पनी द्वारा कार्मिकों के प्रयोग के लिए उपलब्ध कराए गए आवासों और अन्य स्थलों में संकेतों, भाषा, और शारीरिक स्पर्श सहित ऐसे किसी भी व्यवहार की अनुमति नहीं देगी जो धमकी भरा, दुर्व्यवहारपूर्ण, शोषण करने वाला या लैंगिक दृष्टि से अवपीड़क हो।

SR-ND 4
कम्पनी किसी भी स्थिति में कार्मिकों की गर्भावस्था जाँच या कौमार्य परीक्षण नहीं करवाएगी।

अतिरिक्त फेयर ट्रेड अपेक्षाएं :

3.6 महिलाओं के अधिकार (WR)

कारखानों में काम करने वाली महिलाओं, विशेषतः वस्त्र उत्पादन करने वाले कारखानों में काम करने वाली महिलाओं के संदर्भ में फेयर ट्रेड यू.एस.ए. का मत है कि सामाजिक उत्तरदायित्व और महिलाओं के सशक्तीकरण पर और अधिक ध्यान दिया जाना महत्त्वपूर्ण है। हालाँकि इनमें से कुछ मानदंड सामान्य गैर-भेदभाव और सामाजिक उत्तरदायित्व अपेक्षाओं के अन्तर्गत आते हैं, फिर भी उन पर और बल देने के लिए उन्हें यहाँ दोहराया जा रहा है। कार्यस्थल पर सभी प्रकार के लेखा-परीक्षक प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्यकलापों के लिए महिलाओं के अधिकार एक महत्त्वपूर्ण तत्व है।

SR-WR 1
महिला श्रमिकों को समान पारिश्रमिक उपलब्ध कराया जाता है।

SR-WR 2
नियुक्ति, निष्कासन पदोन्नति सम्बंधी प्रक्रियाओं के लिए गर्भावस्था जाँच की अनुमति नहीं है।

SR-WR 3
मातृत्व अवकाश, जिसमें वार्षिक अवकाश शामिल नहीं है, पूरे वेतन सहित आठ सप्ताह से कम अवधि का नहीं होगा। श्रमिक के काम पर लौटने के बाद कार्य समय के दौरान शिशु को स्तनपान कराने के लिए अवकाश अवश्य दिया जाना चाहिए।

SR-WR 4
मातृत्व अवकाश पर श्रमिकों के वेतन में कटौती करने या उन्हें बरखास्त करने की अनुमति नहीं है। काम पर वापस लौटने पर श्रमिक को अवकाश से पूर्व धारित पद पर अवकाश से पूर्व का या समतुल्य वेतन और लाभ प्राप्त होगा।

SR-WR 5
श्रमिकों पर गर्भनिरोधक का प्रयोग करने का कोई दबाव नहीं होगा।

SR-WR 6
प्रबंधन गर्भवती श्रमिकों को समुचित सेवाएं और आवास उपलब्ध कराएगा और यह सुनिश्चित करेगा कि उन्हें ऐसा काम सौंपा जाए जो महिलाओं और उनके गर्भस्थ शिशुओं के स्वास्थ्य के लिए जोखिम भरा न हो।

SR-WR 7
प्रबंधन एक ऐसी नीति लागू करेगा जिसमें कर्मचारियों और श्रमिकों के पदों के लिए आवश्यक योग्यताओं की रूपरेखा तय की गई हो। इस नीति में सुविधाहीन/अल्पसंख्यक समूहों (महिलाओं सहित) के लिए प्रशिक्षण तथा अन्य कार्यक्रमों की व्यवस्था की जानी चाहिए।

4.0 पर्यावरण सम्बंधी उत्तरदायित्व एवं प्रबंधन (ERM)

4.1 निगरानी तंत्र (MS)

ERM-MS 1
कारखानों को पर्यावरण की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए और उन्हें प्राकृतिक वातावरण की रक्षा करने और उसका जीर्णोद्धार करने के लिए प्रयास करने चाहिए। कम से कम सभी स्थानीय कानूनी अपेक्षाओं का पालन किया जाना चाहिए। स्वच्छ उत्पादन के निश्चित लक्ष्य की दिशा में पर्यावरण संरक्षण सम्बंधी कार्यनिष्पादन को सुधारने के लिए सतत प्रयास किया जाना चाहिए।

ERM-MS 2
कारखानों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने वाला प्रबंधन तंत्र अवश्य विकसित करना चाहिए, जिसमें उस तंत्र को लागू करने के लिए समयबद्ध कार्य योजना तैयार की जानी चाहिए।

ERM-MS 3
कारखानों को कार्यदक्षता बढ़ाकर प्रदूषण तथा अपव्यय को कम करने; कच्चे माल, उर्जा और जल सहित प्राकृतिक संसाधनों के प्रयोग को घटाने और अपशिष्टों का समुचित निपटान करने तथा अपशिष्टों के निपटान सम्बंधी किसी भी प्रकार की पर्यावरण सम्बंधी समस्या को नियंत्रित करने के लिए एक ऐसी योजना अवश्य तैयार करके लागू करनी चाहिए जिसकी प्रगति का मूल्यांकन किया जा सके।

4.2 खतरनाक सामग्रियाँ (HM)

ERM-HM 1
सभी रसायनों का भंडारण, प्रयोग, और निपटान इस प्रकार से किया जाए कि श्रमिक, पर्यावरण, और निर्मित किए जा रहे उत्पाद उन रसायनों के सम्भावित खतरों से कम से कम प्रभावित हों।

ERM-HM 2
कारखानों को अपने उत्पादों और उत्पादन प्रक्रियाओं में से विषैले और खतरनाक पदार्थों के प्रयोग को अवश्य खत्म करना चाहिए। वे परिशिष्ट में दी गई प्रतिबंधित सामग्रियों की सूची का पालन करेंगे।

4.3 अपशिष्ट प्रबंधन (WM)

ERM-WM 1
रासायनिक, ठोस अपशिष्ट, और तरल अपशिष्टों सहित सभी प्रकार के अपशिष्टों का निपटान समुचित ढंग से किया जाए।

5.0 व्यापारिक अपेक्षाएं (TR)

5.1 बुनियादी अपेक्षाएं (BR)

TR-BR 1

कम्पनी फेयर ट्रेड यू.एस.ए. द्वारा अनुमोदित प्रमाणकर्ताओं द्वारा किए जाने वाले कम्पनी के फेयर ट्रेड लेन-देनों के पूर्वघोषित और/या अघोषित दोनों प्रकार के फेयर ट्रेड निरीक्षणों (फेयर ट्रेड यू.एस.ए. द्वारा तय की गई बारम्बारता के अनुसार: तिमाही, अर्ध-वार्षिक या मासिक) में सहयोग करेगी।

TR-BR 2

कम्पनी कम से कम तीन वर्ष की अवधि के लिए प्रत्येक श्रमिक के सम्बंध में नियुक्ति सम्बंधी प्रक्रियाओं और अभिलेखों (जिनमें भुगतान की गई मजदूरी और किए गए कार्य के घंटों का विवरण शामिल हो) का एक सत्यापन-योग्य, सही और पूर्ण दस्तावेज़ों सहित सैट तैयार करके रखेगी।

5.2 आपूर्ति श्रृंखला की अनुमार्गणीयता (ST)

TR-ST 1

कम्पनी अपने उन उप-संविदाकारों और फेयर ट्रेड सामग्री के आपूर्तिकर्ताओं (यदि लागू हो) के विषय में जानकारी रखेगी जो फेयर ट्रेड उत्पादों का प्रबंधन करेंगे, और उत्पादन प्रारम्भ करने से पहले यह सूचना फेयर ट्रेड यू.एस.ए. को उपलब्ध कराएगी। इसमें पैकिंग सुविधाओं, रंग कारखानों, कढ़ाई करने वालों, सहायक उत्पादों और सजावटी सामान निर्माताओं, घर से काम करने वालों, उप-संविदाकारों, वनों और फार्म्स से सम्बंधित जानकारी शामिल है। फेयर ट्रेड उत्पादों की खरीद या विनिर्माण के लिए कारखानों की आपूर्ति श्रृंखला में होने वाले किसी भी बदलाव की सूचना ठीक समय पर फेयर ट्रेड यू.एस.ए. को दी जानी चाहिए।

5.3 उप-संविदाकारी (SC)

TR-SC 1

कारखाने पर यह सुनिश्चित करने का दायित्व होगा कि फेयर ट्रेड उत्पाद के निर्माण में योगदान करने वाले उसके उप-संविदाकार और घर से काम करने वाले कार्मिक अन्तरराष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) के श्रम मानकों और विधिसम्मत न्यूनतम मजदूरी और लाभों के आधार पर कार्य करते हों। इन अपेक्षाओं के अनुपालन का सत्यापन करने के लिए अन्य तृतीय पक्ष द्वारा निरीक्षण का प्रावधान होना चाहिए।

TR-SC 2

प्रत्येक उप-संविदाकार इकाई (घर से काम करने वाले कार्मिकों सहित) के नाम, उसके प्रभारी व्यक्ति का नाम, स्थान और उसके साथ किए गए कार्य अनुबंधों की संख्या का विवरण दर्शाते हुए कम्पनी को अभिलेख तैयार करने चाहिए और उन्हें नियमित रूप से अद्यतन बनाना चाहिए।

TR-SC 3

गम्भीर प्रकृति के उल्लंघनों को बार-बार दोहराए जाने पर उप-संविदाकार फेयर ट्रेड उत्पाद के प्रबंधन के लिए प्राधिकृत नहीं रहेगा।

परिशिष्ट 1: फेयर ट्रेड प्रीमियम

फेयर ट्रेड प्रीमियम कारखाने में निर्धारित मजदूरी स्तर के आधार पर आदेश के पोत पर्यन्त निःशुल्क (FOB) मूल्य का न्यूनतम 1% और अधिकतम 10% होता है। यदि निर्धारित मजदूरी निर्वाह मजदूरी मानदंड की अपेक्षा को पूरा करती है तो फेयर ट्रेड प्रीमियम 1% होता है। यदि निर्धारित मजदूरी न्यूनतम मजदूरी की तुलना में निर्वाह मजदूरी के अधिक नज़दीक होती है तो फेयर ट्रेड प्रीमियम 5% होता है। यदि निर्धारित मजदूरी निर्वाह मजदूरी की तुलना में न्यूनतम मजदूरी के अधिक नज़दीक होती है तो फेयर ट्रेड प्रीमियम 10% होता है।

परिशिष्ट 2: प्रतिबंधित सामग्रियों की सूची

1. फेयर ट्रेड उत्पादों के विनिर्माण में निम्नलिखित सामग्रियों का प्रयोग नहीं किया जा सकता है: https://www.wewear.org/industry-resources/restricted-substances-list/पर उपलब्ध अमेरिकन अपैरल एंड फुटवेयर एसोसिएशन (American Apparel and Footwear Association) की प्रतिबंधित सामग्रियों की सूची में शामिल की गई सामग्रियाँ।
2. इसके अलावा, यदि फैक्टरी European Union की अत्यधिक चिन्ताजनक सामग्रियों की रीच सूची (REACH List of Substances of Very High Concern) में शामिल रसायनों में से किसी रसायन का प्रयोग कर रही है (यह सूची: http://echa.europa.eu/web/guest/candidate-list-table के वेब पते पर उपलब्ध है), तो फैक्टरी ने प्रमाणन के तीसरे वर्ष तक उसके प्रयोग को क्रमिक रूप से समाप्त करने की योजना तैयार की है और उस योजना को लागू किया जा रहा है।